## सार-समाचार

### हरित न्याय अभियान के तहत पौधारोपण

**बून्दी** (निसं)। हरित न्याय अभियान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शनिवार को हट्टीपुरा स्थित डॉ. केशव राव बलिराम हेडगेवार टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में पौधारोपण किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय परिसर में विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुमन गुप्ता सहित छात्राध्यापक व छात्राध्यापिकाओं ने गुलमोहर तथा अमलतास के पौधे लगाकर आमजन को अधिक से अधिक पौधारोपण करने का संदेश दिया गया। इस दौरान सभी छात्राध्यापक व छात्राध्यापिकाओं को अपने समीपस्थ क्षेत्रों में पौधारोपण करने और उनकी सरसंभाल व देखरेख का संकल्प भी दिलवाया। इस मौके पर छात्राध्यापक व छात्राध्यापिकाओ को प्राधिकरण की सचिव सुमन गुप्ता ने हरित न्याय अभियान की जानकारी देते हुए विधिक सेवा प्राधिकरण की गतिविधियों, कार्यों और विधिक सेवाओं की जानकारी प्रदान की। इस दौरान महाविद्यालय के निदेशक विजय बहादुर सिंह हाड़ा, सहायक आचार्य डॉ. सविता लौरी, डॉ.सीमा शर्मा, कृष्ण कांत राठौर, चंद्रवीर सिंह, राकेश मीणा मौजूद रहे। गौरतलब हैं कि हरित न्याय अभियान के अन्तर्गत जिला मुख्यालय व तालुका मुख्यालय पर चिन्हित स्थानों पर सघन पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण में पूर्ण प्रभावी भूमिका निभाई जा रही हैं। कार्यक्रम के तहत लगाए जाने वाले पौधों की सार संभाल/संरक्षण भी नियमित तौर पर किया जाकर उनकी प्रगति से राजस्थान राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को आगामी 03 वर्षो तक अवगत करवाया जाता रहेगा।

### सड़क सुरक्षा हेतु जागरुक किया

**बून्दी** (निसं)। राजकीय कन्या महाविद्यालय बूंदी में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में छात्राओं को सड़क सुरक्षा हेतु जागरूक करने के लिए प्राचार्य डॉ.संदीप यादव की अध्यक्षता में यातायात नियम एवं सडक सुरक्षा पर एक कार्यशाला का आयोजित की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ.मनीलता पचानौत ने छात्राओं को सड़क सुरक्षा के महत्व के विषय में आधारभूत जानकारी प्रदान की। कार्यशाला में प्राचार्य डॉ.संदीप यादव ने छात्राओं से दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने और सभी वाहनों को धीमी गति से चलाने के निर्देश किए। डॉ.चंपा अग्रवाल तथा डॉ. हेमराज सैनी ने सभी को यातायात प्रतीक चिन्हों तथा यातायात नियमों का सजगता व कठोरता से पालन करने के दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होंने नशा करके वाहन न चलाने, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन न चलाने, निर्धारित उम्र से पूर्व वाहन न चलाने पर जोर दिया तथा कार चलाते समय सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से लगाने और लाइसेंस बनाकर ही वाहन चलाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में सभी संकाय सदस्य और छात्राएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन रूबी शर्मा ने किया।

### भाजपा महिला मोर्चा का सम्मेलन आयोजित

**बून्दी** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला विधानसभा सम्मेलन हिंडौली में महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नूपुर मालव के मुख्यातिथ्य और हिंडोली प्रधान कृष्ण माहेश्वरी की अध्यक्षता में आयेजित हुआ। नूपुर मालव ने कहा कि कि आने वाले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने वाली है, जिसमें बूंदी जिले की और विशेष कर हिंडोली विधानसभा की महिलाएं भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करके हिंडोली विधानसभा को जीतकर भारतीय जनता पार्टी को सौंपेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को 33त्न राजनीतिक आरक्षण देकर जो ताकत महिलाओं की बोई है निश्चित रूप से राजस्थान की महिलाएं उनकी आभारी है। आने वाला समय चुनाव का समय है नुपुर ने महिलाओं से बीजेपी पार्टी के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान करवाने का आग्रह किया। इस दौरान प्रदेश पधिकारि आईटी विभाग महिमा शर्मा, जिला महामंत्री रंजना जोशी, उपाध्यक्ष अर्चना कवर, मण्डल अध्यक्ष शीलू, प्रिया मीणा, माया शर्मा, मंजू वर्मा, रजनी सैनी, जिला मंत्री माया माहेश्वरी, सारिका आदि मौजूद रही।

### प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया

**बून्दी** (निसं)। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को पेड न्यूज मॉनिटरिंग की प्रक्रिया, आदर्श आचार संहिता तथा जिला एमसीएमसी समिति के कार्यों के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर (सीलिंग) नवरत्न कोली ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया पर पेड न्यूज और विज्ञापनों की मॉनिटरिंग तथा विज्ञापनों का प्री सर्टिफिकेशन जैसे कार्यों के लिए जिला स्तरीय एमसीएमसी समिति का गठन किया गया है। उन्होंने इस दौरान चुनाव लेखों के संधारण, ध्वनि प्रसारण यंत्रों के उपयोग के लिए अनुमति लेने तथा निर्वाचन आयोग द्वारा मोबाइल एप के माध्यम से दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि छीतर लाल राणा, सुरेश अग्रवाल, डॉ. कृष्णानंद शर्मा, प्रेम शंकर बैरवा, संजय शर्मा, कामरेड खलील खान आदि मौजूद रहे।

### सिलाई कला की बारीकियां बताई

बून्दी (निसं)। बून्दी चित्तौड मार्ग स्थित गुढानाथावतान के राजकीय विद्यालय में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत शनिवार को कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों को सिलाई की जानकारी दी गई। इस दौरान बच्चों ने स्वयं सिलाई करने का कार्य कर जानकारी प्राप्त की। एक्स्पोजर टू वोकेशनल एजुकेशन के तहत आयोजित प्रशिक्षण में गांव की सिलाई प्रशिक्षक रितु प्रिया चौधरी ने बालक बालिकाओं को सिलाई से संबंधित कुछ कौशल सिखाए। उन्होंने कपड़ों में हुक व बटन लगाना, ए बनाना, सिलाई मशीन चलाना, कपड़ों की कटिंग करना, कुर्ता व शर्ट बनाने के लिए नाप लेना आदि के विषयों पर प्रयोग करके समझाया। बालक बालिकाओं ने रुचि से सिलाई से जुड़े सभी कार्यों का प्रशिक्षण लिया। इस दौरान मोहिनी तिवारी, मधु दाधीच, चरणजीत कौर, आकांक्षा भांगड व व्यावसायिक प्रशिक्षक भारती बैरवा ने भी बच्चों को स्वरोजगार से जुडकर स्वावलंबी बनने की प्रेरणा दी।

### लोकसभा अध्यक्ष को ज्ञापन दिया

**बून्दी** (निसं)। बूंदी में आने वाले सैनानियों के लिए तथा बूंदी के लोगों को सीधा इंदौर, जयपुर , दिल्ली जाने के लिए आए दिन कठिनाइयों का सामना करना पडता है। यात्रियों को कोटा जाकर ट्रेन पकडनी पडती है। इस कठिनाई को देखते हुए समाजसेवी के.सी. वर्मा ने तीन रेलगाडियों को रात्रि विश्राम कर बूंदी स्टेशन से संचालित करने की मांग को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कोज्ञापन दिया। समाजसेवी के.सी. वर्मा ने ने कहा कि कोटा इंदौर ट्रेन 22986, कोटा हनुमानगढ़, कोटा निजामुद्दीन जनशताब्दी जो रात भर कोटा खड़ी रहती है, जिन्हें अगर बूंदी से चलाया जाए तो यह सब समस्याएं खत्म हो जाएगी। इस विषय में लोकासभाध्यक्ष बिरला को पूर्व में भी ज्ञापन सौंपा गया था। इस पर लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला ने बूंदी प्लेटफार्म का बहुत जल्दी बड़ा करवाने और सब गाडियों को यही से शुरू करवाने के लिए आश्वस्त किया। ज्ञापन देते समय चंद्रप्रकाश सेठी, घनश्याम जोशी, ध्रुव व्यास, मोजी नुवाल, लक्ष्मी चंद गुप्ता, असरार भाई, राकेश सुवालका मौजूद रहे।

### कार्यशाला आयोजित

**बून्दी** (निसं)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बूंदी में तीन दिवसीय मातृभाषा में निर्मित सामग्री की कार्यशाला व तृतीय भाषा पर आधारित कक्षा 6 से 8 का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को सम्पन्न हुई। कार्यशाला में जिले के कला विशेषज्ञ लाभ चंद्र कुशवाहा, आशा शर्मा, सोहनलाल प्रजापत, शोभना तिवारी, ज्योति सुमन, मंजू दाधीच, अनिता धाबाई, विनिता शर्मा व दीप्ति जांगिड ने अपनी कला का प्रदर्शन कर कई प्रकार के मॉडल चार्ट व कलात्मक पेंटिंग व बोलते चित्र बनायें। साथ ही तृतीय भाषा आधारित कक्षा 6 से 8 का प्रशिक्षण मे जिले के 39 संभागियों ने भाग लेकर कई प्रकार की सामग्री पाठयोजना, श्लोक चार्ट, व्याकरण आधारित मॉडल, नवीन सामग्री का निर्माण किया गया। इस प्रशिक्षण में मुकेश कुमार मेघवाल ने संदर्भ व्यक्ति की भूमिका निभाई। समापन सत्र में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बूंदी के उप प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, उषा शर्मा व आईएफएससी प्रभाग अध्यक्ष कमलेश दाधीच मौजूद रहे।

### स्वामी विवेकानन्द स्कूल विजेता रही

**बूंदी** (निसं)। काछोला में चल रही 19 वर्षीय क्रिकेट प्रतियोगिता में स्वामी विवेकानन्द सीनियर सेकेंडरी स्कूल नैनवा रोड बूंदी ने 19 वर्षीय डिस्ट्रिक क्रिकेट प्रतियोगिता में फाइनल मैच में राउमावि हिंडोली की टीम को हराकर खिताब अपने नाम किया। स्वामी विवेकानंद स्कूल की टीम ने रोमांचक मुकाबले में सुपर ओवर में 8 रन से हराकर फाइनल मैच जीता। प्रधानाचार्य गुरमीत सिंह ने कोच जयसिंह और टीम कप्तान कमल कुमावत सहित टीम के सदस्यां को शुभकामनाएं दी।

# राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य ने सफाई कर्मचारियों की समस्याएं सुनी

**झालावाड़** (निसं)। राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य राहुल महाराज की अध्यक्षता में शनिवार को मिनी सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक एवं जनसुनवाई का आयोजन किया गया। बैठक में राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत की मंशा है कि प्रदेश के सफाई कर्मचारी उनके अधिकारों एवं राज्य की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं में लाभ से वंचित न रहे। इसके लिए राज्य सफाई कर्मचारी आयोग हर संभव प्रयास कर सफाई कर्मचारियों के हित में कार्य करने के लिए सदैव तत्पर रहता है।

बैठक के दौरान उन्होंने झालावाड़ में नगरीय निकायों सहित अन्य विभागों एवं कार्यालयों में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को सुना एवं उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।




राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य राहुल महाराज की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक एवं जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

उन्होंने नगर परिषद् झालावाड में सफाई कर्मचारियों की लम्बित चली आ रही अनुकम्पा नियुक्ति एवं कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिलने की समस्या के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने श्रम विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले में किसी भी विभाग एवं कार्यालय में कार्यरत सफाई कर्मचारियों के वेतन एवं अन्य समस्याओं से संबंधित आवेदनों को प्राथमिकता से निस्तारित करवाएं। इसके अतिरिक्त उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य जांच के लिए प्रति माह नगरीय निकायों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करने के निर्देश दिए।

राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य ने अनुजा निगम के अन्तर्गत सफाई कर्मचारियों के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए सफाई कर्मचारियों को ऋण उपलब्ध करवाने एवं 50 हजार रुपए तक का अनुदान आदि का लाभ दिलवाने के निर्देश संबंधित अधिकारी प्रदान किए।

बैठक में उपखण्ड अधिकारी झालावाड़ संतोष कुमार मीणा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक गौरीशंकर मीना, जिला खेल अधिकारी कृपाशंकर शर्मा, नगर परिषद् झालावाड के अधिशाषी अभियंता विजय सिंह, नगर पालिका भवानीमण्डी के अधिशाषी अधिकारी मनीष मीणा, नगर पालिका झालरापाटन के अधिशाषी हेमेन्द्र कुमार, मनोनित पार्षद चेतन नरवाल, अहफाज़ अली सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### सुंदरकांड पाठ किया

**बूंदी** (निसं)। देवपुरा स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निकट नंदी शाला निर्माण के लिए आवंटित हुई 28 बीघा भूमि पर शीघ्र नंदी शाला निर्माण तथा बीमार एवं घायल गोवंश के रखरखाव की तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग को लेकर जिला कलेक्ट्रेट के बाहर गोपाल गौ सेवा संस्थान के बैनर तले चल रहा गो भक्तों का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शनिवार को 62वें दिन भी जारी रहा। गो भक्तों ने शनिवार को धरना स्थल पर सुंदरकांड पाठ कर बालाजी महाराज से जिला कलेक्टर, नगर परिषद सभापति एवं आयुक्त को सद्बुद्धि देने की कामना की। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता भी शनिवार को गौ भक्तों के समर्थन में धरना स्थल पर पहुंचे और सुंदरकांड पाठ में शामिल हुए। गो भक्तों ने सिलोर रोड स्थित गौशाला की भूमि से कांग्रेस नेता भगवान नुवाल का अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग भी उठाई। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद नगर अध्यक्ष कुलदीप वधवा, बजरंग दल नगर संयोजक सोनू बजरंगी, यूथ क्लब अध्यक्ष प्रभात जैन, ओम प्रकाश शर्मा, राजेश पारीक, पंडित शैलेश शर्मा, प्रमेन्द्र राणावत, शिवशंकर शर्मा, अनिल चतुर्वेदी, मुकेश शर्मा, धनराज गौस्वामी, कांग्रेस नेता राकेश गौस्वामी सुवासा, निलेश तेजस्वी, पं. नारायण शास्त्री, नाथूलाल सोनी सहित गोपाल गौ सेवा संस्थान से जुडे गोभक्त मौजूद रहे।

# 'बूंदी में 183 करोड़ की सड़कें बनेंगी'

■ **लोकसभा अध्यक्ष के प्रयासों से सड़कों की मांग पूरी होने जा रही है**

**बून्दी** (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रयासों से बूंदी जिले के लोगों की बरसों पुरानी सडकों की मांग पूरी होने जा रही है।

स्पीकर बिरला की कोशिशों से केंद्रीय सडक निधि से 183.17 करोड रुपए की लागत से तीन बहुप्रतिक्षित सड़कों के निर्माण का कार्यादेश जारी हो गया है। अब जल्दी इसका निर्माण कार्य भी प्रारंभ होगा।

बूंदी और केशोरायपाटन क्षेत्र के लोग लंबे समय से स्टेट हाइवे संख्या 37-ए पर भैरूपुरा ओझा से रोटेदा सड़क के निर्माण की मांग कर रहे थे। क्षेत्र की आवश्यकताओं को देखते हुए स्पीकर बिरला ने केंद्रीय सडक निधि से इसकी स्वीकृति करवाई थी। अब भैरूपुरा ओझा से जखाना, करवाला, जायस्थल, अरनेठा, अनंतपुरा बालोद होते हुए रोटेदा 46.50 किमी लम्बी इस सड़क के चौडीकरण व सुदृढीकरण कार्य का जल्द प्रारंभ होगा।

इसी प्रकार केशोरायपाटन विधानसभा क्षेत्र की बांसी-इंदरगढ़ सड़क का भी चौड़ीकरण व सुदृढ़िकरण का काम जल्द प्रारंभ होगा। इसे 26.15 किमी लम्बी सड़क का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कार्य 63.76 करोड रुपए की लागत से किया जाएगा। इसके बाद बांसी से देई, खजूरी, पीपरवाला, करवर होते हुए इंद्रगढ आना-जाना काफी सरल हो जाएगा।

केशवरायपाटन क्षेत्र में ही अरनेठा से गेंडोली तक 19.90 किमी लंबी सड़क भी 42.87 करोड़ की लागत से बनेगी। यह सड़क अरनेठा से जयस्थल, करवाल की झोपड़ियां झाली जी का बाराना तथा इंद्रगढ़ को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

दर्शनों के लिए इंद्रगढ़ माता जी जाने वाले श्रद्धालुओं का इस सडक पर काफी आवागमन रहता है। इससे उन्हें भी सहूलियत मिलेगी।

# भवानीमंडी में कब्रिस्तान में टीन शेड लगाने का कार्य प्रारम्भ

**भवानीमंडी,** (निसं)। नगर पालिका मंडल द्वारा वार्ड नंबर 34 में पुराने कब्रिस्तान में टीन शेड लगाने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश बोहरा के मुख्य आतिथ्य में कार्य का शुभारंभ किया गया। हाफिज सलीम ने फातेहा पढ़कर काम का आगाज करवाया।

ब्लाक कांग्रेस प्रवक्ता अख्तर अली ने बताया कि कब्रिस्तान में लगभग पचास फीट का टीन शेड लगाया जाएगा जिससे बारिश, गर्मी आदि मौसम में परेशानी नहीं होगी। नगर पालिका मंडल के वार्ड नम्बर 2 में नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश बोहरा ने नाली एवं सी सी रोड निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। वार्ड पार्षद हकीम खान ने बताया कि वार्ड में लक्ष्मी नारायण सोनी के मकान से राम दयाल के कुएं तक सी सी रोड का निर्माण किया जाएगा। जिसकी लागत लगभग 24 लाख रुपए आएगी। नगर पालिका मंडल के वार्ड नम्बर 31में नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश बोहरा ने सी सी रोड के लिए भूमि पूजन किया। वार्ड पार्षद राकेश मकवाना ने बताया कि मकवाना के मकान से रेखा बाई के मकान तक सी सी रोड और नाली का निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर, नगर कांग्रेस अध्यक्ष विनय आस्तौलिया, पार्षद वरुण मीणा, वीणा मेहरा, राजिक अंसारी, ब्लाक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष आनंद काला, कांग्रेस कार्यकर्ता हरीश योगी,व वार्ड वासी उपस्थित रहे।



भवानीमंडी नगर पालिका मंडल द्वारा वार्ड 34 में पुराने कब्रिस्तान में टीनशेड लगाने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश बोहरा के मुख्य आतिथ्य में कार्य का शुभारंभ किया गया।

# चोरी व मारपीट का फरार आरोपी गिरफ्तार

**छबड़ा** (निसं)। दो माह पूर्व कोली मोहल्ले के निकट पूर्व भाजपा पार्शद के घर चोरी व परिजनो के साथ मारपीट करने के मामले मे फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैं।

सीआई छुट्टनलाल मीणा के अनुसार 26 जुलाई की रात को वार्ड 24 में रहने वाले पूर्व पार्शद गुलाबचंद सुमन के घर कुछ नकाषपोष बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था वही जागने पर परिजनों के साथ भी मारपीट की थी। इस मामले में फरार चल रहे गंगाबिशन कंजर पुत्र गुलाबसिंह निवासी शंकर कॉलोनी को गिरफ्तार कर एसीजेएम न्यायालय में पेश किया, यहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भिजवा दिया हैं। पुलिस द्वारा 3 आरोपियो को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। वही, इस मामले के एक ओर आरोपी की तलाश जारी है।



पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार किया।

## सार-समाचार

### रेन बसेरा के पुनः निर्माण पर हर्ष जताया

**झालावाड़** (निसं)। सात अक्टूबर 2023 को पर्यटन विकास समिति द्वारा शनिवार सवेरे प्रसिद्ध ऐतिहासिक और पर्यटन स्थल रैन बसेरे का पुनः निर्माण कार्य आरम्भ होने पर समिति सदस्यों ने वहां कार्यरत मजजूदरों का पुष्पहार पहनाकर, मिठाई खिलाकर एवं आतिशबाजी कर खुशियाँ मनाई। इस अवसर पर समिति के संयोजक ओमपाठक ने कहा कि समिति के लगातार 10 वर्षों से किये गये प्रयासों, ज्ञापनों व स्थानीय अधिकारियों से आग्रह करने पर रैन बसेरे का अब पुनः निर्माण आरम्भ हुआ है जो झालावाड़ जिले के लिये गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि इस पुनः निर्माण कार्य से विश्वास है यह धरोहर शीघ्र ही अपना स्वरूप लेगी। समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष इतिहासकार ललित शर्मा ने कहा कि किशन सागर तालाब के सुन्दर तट पर पुनः निर्मित हो रहे रैन बसेरे से झालावाड़ मे निश्चित रूप से पर्यटकों का आगमन होगा और यह धरोहर सभी के लिये आकर्षण का केन्द्र होगी। उन्होंन यहीं के पुराने बगीचे को भी वापस संवारने की बात कही।पार्षद फारूख अहमद ने कहा कि रैन बसेरे के पुनः निर्माण की गति से यह धरोहर शीघ्र ही देखने को मिलेगी इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष भगवती प्रसाद मेहरा, भारत सिंह राठौड़, मनजीत सिंह कुशवाह, नफीस शेख व कोषध्यक्ष कन्हैयालाल कश्यप एवं शिक्षक दिलीप शर्मा ने रैन बसेरे के पुनः निर्माण का कार्य कर रहे बंगाल के मजदूरों इन्जाबुल, अबुजर, सानारती, रिंकू, दुर्गालाल का माल्यार्पण कर एवं लड्डू खिलाकर स्वागत किया। ग्राम किशनपुरिया के स्थानीय जनों ने भी इस मौके पर रैन बसेरे के पुनः निर्माण को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की।

### महोत्सव के तहत फल बांटे

**छबड़ा** (निसं)। अग्रवाल समाज द्वारा अग्रसेन जयंती के अवसर पर अग्रसेन पखवाडा मनाया जा रहा है। इसी के तहत चिकित्सालय में महिलाओं द्वारा मरीजों को फल वितरित किए गए। सरोज मंगल ने बताया कि कार्यक्रम के तहत 1 से 14 अक्टूबर तक विभिन्न सामाजिक सद्भाव एवं सहयोग, सेवाकार्य कर किए जाएंगे। इसी के अंतर्गत जिला महिला अध्यक्ष नीतू मित्तल के नेतृत्व में चिकित्सालय में मरीजों को फल एवं बिस्किट वितरित किए व गौशाला में गायो को चारा डालकर सेवा कार्य किया। इस अवसर पर अंजली विजयवर्गीय, रेखा अग्रवाल, उर्मिला मित्तल, मंजू मित्तल, निधि विजयवर्गीय, नेहा मंगल आदि मौजूद रही।

### सी.एम. का आभार जताया

**छबड़ा** (निसं)। पार्षद ने वाल्मिकी आयोग का गठन पर मुख्यमंत्री का आभार जताया। वार्ड पार्शद निषा अजय तेजस्वी ने बताया कि कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में वाल्मीकि आयोग के गठन की घोषणा की थी जिसे पूरा किए जाने से समाज में हर्श की लहर हैं। कांग्रेस सभी समाजो व वर्गो को साथ लेकर चलने वाली पार्टी हैं और जिसका मुख्य ध्येय जनसेवा हैं। वही, सहवृत पार्षद रमेशचंद तेजस्वी, अमरलाल तेजस्वी, जगदीश तेजस्वी, प्रकाश, अनिल, रामदयाल, सोनू, अजय तेजस्वी, अर्जुन, भारत, गौतम, शिवराज, प्रकाश आदि ने मुख्यमंत्री का आभार जताया।

### खेत में आग लगी, काबू पाया

**छबड़ा** (निसं)। किशोरपुरा गांव के एक खेत में कटी मक्का की फसल में शनिवार को अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई, समय पर पहुंचकर फायरमैनों ने आग पर काबू पाया। फायर प्रभारी रवि यादव ने बताया कि उनको एएसआई सुरेष नागर द्वारा सूचना देने पर किषोरपुरा गांव में रामचरण गाडरी के खेत पर पहुंचे। यहां ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया और समीप की फसल को सुरक्षित बचा लिया।

### रिज्यूम खातों को ऑनलाईन की मांग

**छबड़ा** (निसं)। भाजपा पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष शंकरलाल सुमन ने विधायक प्रतापसिंह सिंघवी को लिखे पत्र में बताया कि तहसील ऑनलाइन तो हो गई है, लेकिन अभी कुछ किसानों के खाते रिज्यूम ऑनलाइन नही हुए है। जिससे किसानों को इंतकाल संबंधी कार्य करने में परेशानी को सामना करना पड़ रहा है।

# पीड़ित पिता ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप न्याय की गुहार लगाई

**बून्दी** (निसं)। करवर थाना क्षेत्र के खुरी गांव निवासी प्रहलाद मीना ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कलयुगी पुत्र के विरुद्ध कार्यवाही कर कृषि भूमि एवं मकान संभलाएं जाने की मांग की।

पीडित प्रहलाद मीणा ने बताया कि मेरी कृषि भूमि तथा करीब 9 बीघा खरीदशुदा भूमी एंव मकान खुरी गांव में स्थित है। मेरे 4 पुत्र साबु लाल ,रामरेश, मीठा लाल, महावीर है, जिसमे मेरे दो पुत्र मिठा लाल एंव महावीर बाहर रहते है और दो पुत्र साबु लाल रामरेश गांव मे ही रहते है। मेरी कृषि भूमि और मकान ही हमारी आय व रहने का सहारा है। मेरे पुत्र साबू लाल ने सोची समझी साजिश के तहत मुझे झूठे विश्वास में लेकर मेरे साथ छल कपट कर मेरी बचत की रकम से स्वयं के नाम 9 बीघा जमीन खरीद ली और मेरी संयुक्त खाते की कृषि भूमी पर खाते अलग कराने के बहाने मेरे दस्तावेज लेकर मुझे झूठा विश्वास दिलाकर अपने साथ ले जाकर केसीसी जारी करवाली जिसका मेरे एवं साबू लाल के नाम से संयुक्तं खाता खुलवा लिया और केसीसी की पूरी रकम को हड़प लिया। जिसके बाद और मुझे और मेरी पत्नि एवं पुत्र रामरेश को घर से धक्के मारकर घर से बाहर निकाल दिया। पीडित प्रहलाद ने बताया कि जिसके बाद मैं, पत्नि एवं पुत्र रामरेश मजबूरी वश गांव से बाहर खुले स्थान पर टपरी बनाकर एंव खाने के लिये दुसरी पर आश्रित होकर जीवन जीना पड रहा है। मेरे पूत्र साबूलाल ने मेरा एवं मेरी पत्नि एवं अन्य पुत्र रामरेश का जीवन नरक बना रखा है ओर उक्त मेरे दो अन्य पुत्रो मीठा लाल महावीर को ग्राम खुरी में नही आने देता ओर आने पर उनको जान से मारने की धमकी देता है। शिकायत करने पर भी थाने, तहसील एंव बैंक द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है। मेरा पूत्र आये दिन हमें मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताडित करता रहता है जिसने पूरी जमीन जायदाद हड़प कर बेघर कर रखा है जिस कारण से मुझे दर दर की ठोकरे खाने को मजबूर होना पड रहा है। पीडित प्रहलाद ने जिला प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते हुए मकान, कृषि भूमि वापस दिलवाए जाने की मांग की है।




अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।